हिन्दुस्तान पेपर कॉरपोरेशन लिमिटेड में
हिन्दी माह पालन- 2015

हिन्दुस्तान पेपर कॉरपोरेशन लिमिटेड में पूरे सितम्बर माह को ‘राजभाषा हिन्दी माह पालन’ के रूप में मनाया गया । 03 सितम्बर को निगम के अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री शशी कान्थ जैन महोदय के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा हिन्दी माह का विधिवत् उद्घाटन किया गया । अपने संदेश में उन्होंने कहा कि ‘भाषा संस्कृति का कोष और वाहन है । भारत की सांस्कृतिक एवं सामाजिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने में राजभाषा हिन्दी पूर्णतः सक्षम है । हिन्दी के माध्यम से हमारे देश की सामासिक संस्कृति का समुचित पोषण व विकास हुआ है । सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल इंडिया का अनुसरण करते हुए सभी क्षेत्रों में हिन्दी के माध्यम से ई-गवर्नेंस पर हमें खास ध्यान देना होगा । साथ ही उन्होंने हिन्दी के सर्वाधिक उपयोग पर बल दिया ।’ इस अवसर पर निदेशक (प्रचालन), श्री एस. एन. भट्टाचार्य, निदेशक (वित्त)/निदेशक (मा.सं.व कर्म.सेवा) श्री पलाश गोस्वामी तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी, डॉ. संतोष कुमार कमिला ने भी हिन्दी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला ।

राजभाषा माह के दौरान हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता व हिन्दी टिप्पण/प्रारूपण प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी जिसमें निगम के अधिकारी व कर्मचारी बढ़-चढ़ कर भाग लिए तथा विजेता घोषित किए गए । साथ ही राजभाषा माह के दौरान दिनांक 16.09.2015 को अधिकारियों हेतु राजभाषा कार्यशाला भी आयोजित की गयी जिसमें संकाय सदस्य के रूप में सहायक प्रबन्धक (राजभाषा) श्री आर. के. शर्मा ने अपनी सेवा प्रदान की ।

दिनांक 07.10.2015 को आयोजित राजभाषा माह समापन समारोह में सहायक प्रबन्धक (राजभाषा) द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री एवं उद्योग मंत्री के संदेश का वाचन किया गया साथ ही सभी विजेताओं को निगम के अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री शशी कान्थ जैन व अन्य निदेशकों के कर कमलों से नकद पुरस्कार प्रदान किया गया । पूरे राजभाषा कार्यक्रम में आगन्तुकों का स्वागत श्री डी.सी. बर्मन, प्रभारी (मा.सं. व कर्म.सेवा) द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के. शर्मा, सहायक प्रबन्धक (राजभाषा) द्वारा किया गया ।

----

1. राजभाषा माह पालन-2015 के उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए निगम के अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक श्री शशी कान्थ जैन महोदय । बगल में दर्शित हैं श्री एस.एन. भट्टाचार्य, निदेशक (प्रचालन), डॉ. संतोष कुमार कमिला, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं श्री डी.सी. बर्मन, प्रभारी (मा.सं. व कर्म.सेवा) ।

2. राजभाषा माह पालन-2015 के समापन समारोह में बैठे हुए दर्शित हैं (बाएं से) श्री पलाश गोस्वामी, निदेशक (वित्त)/निदेशक (मा.सं.व कर्म.सेवा), डॉ. संतोष कुमार कमिला, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री शशी कान्थ जैन, अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक, श्री एस.एन. भट्टाचार्य, निदेशक (प्रचालन) । स्वागत भाषण देते हुए दर्शित हैं श्री डी. सी. बर्मन, प्रभारी (मा.सं. व कर्म.सेवा) ।

3. राजभाषा माह पालन-2015 के समापन समारोह में दर्शित हैं, निगम के अधिकारीगण व कर्मचारीगण ।

4. राजभाषा माह पालन-2015 के उद्घाटन समारोह में दर्शित हैं श्री शशी कान्थ जैन, अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक, समस्त निदेशकगण व राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यगण तथा सहायक प्रबन्धक (राजभाषा) श्री आर. के. शर्मा ।

हिन्दुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
राजभाषा माह पालन
01-30 सितम्बर

हिन्दुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
राजभाषा माह पालन
01-30 सितम्बर
हमें हिन्दी में काम करते समय शर्म की
नहीं गर्व की अनुभूति होनी चाहिए।